SC

[A-56]

No of printed Pages : 02

# SARDAR PATEL UNIVERSITY

## BA ( IV SEMESTER ) EXAMINATION

**FRIDAY, 24 APRIL,2015**

**Session : Evening : Time : 02-30 p.m. To 05-30 p.m.**

**Subject Code : UA04CHLT08 : HINDI Lit. Paper : 08**

**( हिन्दी कविता : भाग : २ : काव्यायन )**

सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है। कुल गुण : ७०

प्रश्न : १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। (किन्हीं तीन) (१५)

(अ) "कूक उठी सहसा तरुवासिनी !
गा तू स्वागत का गाना,
किसने तुझको अन्तर्यामिनि !
बतलाया उसका आना ?"

(आ) "भारत-माता ग्रामवासिनी !
खेतों में फैला है श्यामल
धूल-भरा मैला-सा आँचल,
गंगा-यमुना के आँसू-जल
मिट्टी की प्रतिमा उदासिनी !"

(इ) "विस्मृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही -
उमड़ी कल थी मिट आज चली !"

(ई) "तुम मुझ में प्रिय ! फिर परिचय क्या !
तारक में छवि प्राणों में स्मृति,
पलकों में नीरव पद की गति,
लघु उर में पुलकों की संसृति,
भर लायी हूँ तेरी चंचल -
और करूँ जग में संचय क्या !"

(उ) "यह मनुज ज्ञानी, श्रृगालों, कुक्कुरों से हीन-
हो, किया करता अनेकों क्रूर कर्म कलीन।
देह ही लड़ती नहीं, हैं जूझते मन -प्राण,
साथ होते ध्वंस में इसके कला विज्ञान।
इस मनुज के हाथ से विज्ञान के भी फूल,
वज्र होकर छूटते शुभ धर्म अपना भूल ।"

प्रश्न : २ सुमित्रानंदन पंत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए। (२०)

<u>अथवा</u>

टिप्पणी लिखिए।

(क) 'मौन निमंत्रण' कविता का मुख्य भाव।

(ख) 'मैं नीर-भरी दुख की बदली' काव्य का सार।

प्रश्न : ३ 'दिनकर' रचित 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठ सर्ग का कथ्य स्पष्ट कीजिए। (२०)

अथवा

टिप्पणी लिखिए।

(च) 'पुलक-पुलक उर, सिहर-सिहर तन' कविता का मूल भाव।

(छ) 'निष्ठुर परिवर्तन' काव्य का सारांश।

प्रश्न : ४ निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर लिखिए। (किन्हीं : पंद्रह) (१५)

(०१) सुमित्रानंदन पंत को 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस रचना पर मिला?

(०२) पंतजी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(०३) महादेवी वर्मा ने किन-किन संस्थाओं की स्थापना की?

(०४) महादेवी वर्मा को मरणोपरान्त कौन-सी उपाधि प्रदान की गई?

(०५) सन् १९८२ में इन्दिरा गाँधी के हाथों महादेवी वर्मा को कौन-सा पुरस्कार मिला?

(०६) रामधारीसिंह 'दिनकर' का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(०७) महाभारत पर आधारित 'दिनकर' की रचनाओं के नाम लिखिए।

(०८) 'कुरुक्षेत्र' की मुख्य समस्या कौन-सी है?

(०९) दिनकर को 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस कृति के लिए मिला?

(१०) महादेवी वर्मा को 'नीरजा' कृति पर कौन-सा पुरस्कार मिला?

(११) 'नौका विहार' कविता के कवि का नाम लिखिए।

(१२) सुमित्रानंदन पंत की चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(१३) महादेवी वर्मा ने किस पत्रिका का संपादन किया?

(१४) दिनकर की प्रमुख चार रचनाओं के नाम लिखिए।

(१५) महादेवी वर्मा की कविताओं में किस रस की प्रधानता है?

(१६) महादेवी वर्मा को किस नाम से पुकारा जाता है?

(१७) दिनकर को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' किस रचना पर मिला?

(१८) 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठ सर्ग में किसका वर्णन है?

* * * * * * *